**DIGICONTENT LIMITED**
*( formerly known as HT Digital Ventures Limited )*
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor)
18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi 110 001, India
+91 11 6656 1234 +91 11 6656 1270
www.digicontent.co.in corporatedept@digicontent.co.in
CIN: L74999DL2017PLC322147

25th July, 2023

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
**Mumbai - 400 001**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
**Mumbai - 400 051**

**Scrip Code: 542685**

**Trading Symbol: DGCONTENT**

**Sub: Newspaper advertisement- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Re: Un-Audited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2023**

Dear Sirs,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "Mint" (English) and "Hindustan" (Hindi) newspapers dated 25th July, 2023, publishing extract of Un-Audited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2023, upon approval by the Board of Directors at its meeting held on 24th July, 2023.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Digicontent Limited**

**(Arjit Gupta)**
**Company Secretary**

**Encl.**: *As above*

# 'Working to get back top spot in 2-3 years'

Gulveen Aulakh
gulveen.aulakh@livemint.com



China's Xiaomi is working to reclaim its leadership position in the Indian smartphone market amid increasing competition within two to three years, Muralikrishnan B., India president at Xiaomi said. In an interview, Muralikrishnan said the company aims to achieve its goal via increased localization within two-three years, leveraging a targeted 5G portfolio and expanding its offline presence. It considers the recent tepidness in smartphone sales as an opportunity to raise its share in the premium segment, which is projected to witness strong growth. Xiaomi plans to increase sub-assembly of components, which is a few notches higher than assembling phones and will start exports to more countries soon. *Edited excerpts:*

INTERVIEW

**Xiaomi's market share has been falling over several quarters. What's the strategy to take back the No.1 spot?**

The market is degrowing at least in volume terms for the past few quarters, while growing in average selling price. The net volume perhaps is down to 10% year over year. But in value terms, it's probably flat, and most of the decline came in the entry-level segment, which is sub-₹10,000. But there are green shoots that may influence this in the second half of FY24. While we are not overly excited, I would take it as a pragmatic positivity on H2.

**What does it mean for your portfolio?**

We are going to the market with a significantly cleaner and leaner portfolio this year. In fact, going back to the good old days, when at every important price point, there was a hero Xiaomi product. We've a successful Redmi Note 12 5G range, and then at the entry level, we launched a couple of options. Unlike last year, we've also been very cautious about not overcrowding the portfolio this year.`

**How will Xiaomi be positioned in the 5G smartphone segment?**

All phones across brands in the market above ₹20,000 are 5G devices, a majority of them, however, are in the ₹15,000-20,000 price bracket. The ₹10,000-15,000 segment potentially has the largest share, and I would call this mass market or the belly of the market. Penetration of 5G is there, but perhaps at 30-40%, and therefore we see a significant upside for 5G devices in the ₹10,000-15,000 price bracket. So, our priority number two is to ensure we continue to deliver innovation for everyone. Through the rest of the year, you will see us focusing on fantastic 5G options in the ₹10,000-15,000 price band.

**How will it play out for offline sales, which is not your strongpoint?**

While we're No.1 in the online channel, we see very clear opportunities on a few fronts in growing our offline business. We will be expanding our distribution reach, building strong retail capabilities. enabling our retail partners to become multi-category franchises, which does not sell smartphones alone, but televisions, laptops, tablets and AI IoT products, as well. We are uniquely positioned to drive that. We will also scale channel engagement and confidence in terms of improved margins, consistency of schemes, having a trusted advisory board called inner circle of top distributors. We have 15 distributors, who are like our extended advisory board, and we consult with them on our entire retail strategy. So, offline becomes the third big pillar of our growth plan for 2023. We have about 60 Mi Homes, which will remain constant, but will increase our franchise-owned, franchise-operated Mi studios and Mi stores.


> Our goal for 2023-26 is to increase value addition by 50%, by broadening and deepening local components sourcing
>
> **Muralikrishnan B**
> President, Xiaomi India

**What about scaling up local manufacturing in India?**

100% of smartphones and TVs we sell in India are made in India. The big thrust is on localizing our component ecosystem and increasing domestic value addition. Our goal for 2023-26 is to increase value addition by 50% by broadening and deepening components sourced locally. Now, around 35% of non-semiconductor BOM (bill of material) is sourced locally. In two to three years, we want to double it to 70%. Domestic value addition is between 17% and 18%, depending on the model. It will be above 30% in two-three years, by getting into sub-assemblies—sourcing sub-parts going into components. Now, we export to Nepal, Bhutan, Bangladesh, but we're in the advanced stages to scale exports to the Middle East and others.

# OTTs hit pause button on box office flops

Lata Jha
lata.j@htlive.com
NEW DELHI



Audiences are loyal to content, and not platforms, and will not think before moving to a different service provider. BLOOMBERG

Streaming platforms once considered havens for niche, non-mainstream narratives are no longer willing to splurge on movies that failed to resonate with theatergoing audiences.

For instance, Kapil Sharma's Zwigato could not strike an OTT deal following its lacklustre box office performance. Services are also exercising caution, refraining from courting controversy with political drama, The Kerala Story, despite its successful theatrical run.

"There is a realization among OTT players that there is no real value in paying crazy prices for films that do not bring great results and whose viewership drops almost immediately. Especially, if the film hasn't found takers at the box office, there is no point in loosening the purse strings and striking deals unless everyone can agree on a really reasonable price," said Yusuf Shaikh, business head, feature films at production and distribution firm Percept Pictures.

Furthermore, services no longer want to strike package deals with producers for multiple films, and prefer to pick and choose individual titles now, Shaikh added.

The other big takeaway is that audiences are loyal to the content, and not platforms, and will not think twice before moving to a different service provider despite having enjoyed programmes on a specific platform.

A senior executive of a streaming platform said even after controlling budgets and staying away from direct-to-digital acquisitions, as was common during the first wave of the pandemic, OTT players have learnt another lesson. "Platforms have burnt their fingers yet again with films such as *Bheed* or *Gumraah, which* were purchased as part of package deals, but didn't deliver results. Everyone is being choosy, and realises that they don't need more content than they require. And two, box office success is some indication of whether the audience is interested in the film."

The person said at least 30-40 Hindi films ready for release haven't been able to sign OTT deals due to uncertainties surrounding their box office success. As far as controversial subjects, such as The Kerala Story go, platforms would rather not ruffle any feathers, he added.

That said, big-ticket films riding on front-line Bollywood stars are wielding significant influence as potential game-changers. While producers recognize the allure of star power, they are no longer interested in investing heavily on publicity and advertising to promote these titles in cinemas. Instead, they are happy to support OTT players, who are willing to help recover the entire production cost, by leveraging a star's appeal.

While *Bawaal* started streaming on Prime Video last weekend, Shahid Kapoor-starrer *Bloody Daddy* on JioCinema is the most watched Hindi film on OTT (with a viewership of 16.6 million) for the January to June period, according to a report by media consulting firm Ormax.

# Canara Bank Q1 profit surges 75% to ₹3,535 cr

PTI
feedback@livemint.com
NEW DELHI

State-owned Canara Bank on Monday reported a 75% rise in net profit at ₹3,535 crore for the June quarter, helped by a decline in bad loans and growth in interest income.

The Bengaluru-based lender had posted a net profit of ₹2,022 crore in the year-ago period.

Total income in the first quarter of the current fiscal rose to ₹29,828 crore from ₹23,352 crore in the same period a year ago, Canara Bank said in a regulatory filing.

Interest earned by the bank rose to ₹25,004 crore from ₹18,177 crore in the year-ago period.

Net interest income (NII) increased 28% to ₹8,666 crore in the latest June quarter compared to the same period a year ago.

> The bank's capital adequacy ratio increased to 16.24% as compared to 14.91% at the end of June 2022

The net interest margin (NIM) also improved to 3.05 % as compared to 2.78% in the year-ago period.

Canara Bank managing director K. Satyanarayana Raju said he expects NIM to be above 3% during the year.

The bank's asset quality showed improvement as gross non-performing assets (NPAs) declined to 5.15% of gross advances at the end of the June quarter. It stood at 6.98% in the year-ago period.

Similarly, net NPAs or bad loans declined to 1.57% as against 2.48% in the year-ago period.

As a result, the provision for bad loans came down to ₹2,418 crore as against ₹2,673 crore in the same quarter a year ago.

The bank's capital adequacy ratio increased to 16.24% as compared to 14.91% at the end of June 2022. Pursuant to proposed bipartite agreement in wage revision, which is effective from November 2022, an estimated provision of ₹344.69 crore has been made for the quarter ended 30 June, it said.

About loan growth, Raju said the bank expects a 10.5% credit growth and an 8.5% increase in deposits in the current financial year.

The bank intends to improved credit deposit ratio to 75% by the end of this fiscal from 73% at the moment.

भा.क.नि.
CCI
भारतीय कपास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम, वस्त्र मंत्रालय)
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING, MINISTRY OF TEXTILES)

विभिन्न पदों के लिए भर्ती
RECRUITMENT AGAINST VARIOUS POSTS

निगम विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। महत्वपूर्ण तिथियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की पद्धति, पात्रता मानदंड, रिक्तियां, ऊपरी आयु सीमा, शुल्क, आरक्षण आदि के विवरण के लिए वेबसाइट **www.cotcorp.org.in** पर लॉगइन करें। उम्मीदवार 24.07.2023 को 10.00 बजे से 13.08.2023 को 23.55 बजे तक वेबसाइट **www.cotcorp.org.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

The Corporation invites application from eligible candidates for online recruitment of various posts. For important dates, procedure for online application, eligibility criteria, vacancies, upper age limit, fee, reservations etc please login to website **www.cotcorp.org.in** for details. Candidates can apply online from 10.00 hrs on 24.07.2023 till 23.55 hrs on 13.08.2023 on website **www.cotcorp.org.in**.

उप महाप्रबंधक (मासंवि)/DGM (HRD)

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BOMBAY
Powai, Mumbai - 400 076

Advertisement No. RECT/ADMIN0011/2023

Indian Institute of Technology Bombay, an Institute of national importance adjudged as Institute of Eminence, invites online application for the following positions (vacancies) of the post(s) :

| Sr. No. | Name of the Post | Pay Details | No. of Positions (vacancies) & Reservation |
|---|---|---|---|
| 1. | Jr. Engineer (Job Ref. No. 50482264) | Pay Level 6 (35400 - 112400) | 4 Positions (1 SC, 1 OBC-NCL, 2 UR) |
| 2. | Jr. Engineer (Job Ref. No. 50486250) | Pay Level 6 (35400 - 112400) | 1 Position (UR) |
| 3. | Jr. Engineer (Job Ref. No. 50486279) | Pay Level 6 (35400 - 112400) | 1 Position (UR) |
| 4. | Technical Superintendent (Job Ref. No. 50482222) | Pay Level 6 (35400 - 112400) | 2 Positions (1 SC, 1 OBC-NCL) |
| 5. | Jr. Technician (Medical) (Job Ref. No. 50481717) | Pay Level 3 (21700 – 69100) | 1 Position (OBC-NCL) |
| 6. | Jr. Technician (Medical) (Job Ref. No. 50487719) | Pay Level 3 (21700 – 69100) | 1 Position (UR) |

For details regarding essential educational qualification, experience, general instructions etc., visit IIT Bombay website https://www.iitb.ac.in/en/careers/staff-recruitment

The date of closing of online application interface is 24.08.2023.

Date : 25.07.2023 REGISTRAR

DIGICONTENT LIMITED
CIN: L74999DL2017PLC322147
Registered Office: Hindustan Times House, 2nd Floor, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001, India
Tel: +91 11 6656 1234; Fax: +91 11 6656 1270; Email: investor@digicontent.co.in; Website: www.digicontent.co.in

Extract of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2023 (INR in Lakhs except earnings per share data)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 Un-audited | 31.03.2023 Audited (Refer note 5) | 30.06.2022 Un-audited | 31.03.2023 Audited |
| Revenue from Operations | 9,017 | 9,137 | 7,923 | 34,927 |
| Profit/(Loss) for the period (before tax and exceptional) | 260 | (154) | (739) | (1,237) |
| Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional) | 260 | (154) | (739) | (1,237) |
| Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional) | 102 | (212) | (644) | (1,285) |
| Total Comprehensive Income/(Loss) for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income/(Loss) (after tax)] | 136 | (205) | (692) | (1,152) |
| Paid-up Equity Share Capital (Face Value - INR 2/- per share) | 1,164 | 1,164 | 1,164 | 1,164 |
| Other Equity excluding Revaluation Reserves as per the balance sheet | | | | (1,757) |
| Earnings/(Loss) per share (of INR 2/- each) Basic & Diluted | (Not Annualised) 0.18 | (Not Annualised) (0.36) | (Not Annualised) (1.11) | (2.21) |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website "www.digicontent.co.in".
2 The above un-audited consolidated financial results for the quarter ended June 30, 2023 were reviewed and recommended by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors at their respective meetings held on July 24, 2023. The Statutory Auditors of the Company have conducted "Limited Review" of these results in terms of Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended from time to time and have issued an unmodified review opinion.
3 The consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time.
4 Additional Information on Standalone financial results is as follows:- (INR in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 Un-audited | 31.03.2023 Audited (Refer note 5) | 30.06.2022 Un-audited | 31.03.2023 Audited |
| Revenue from Operations | 36 | 37 | 39 | 158 |
| (Loss) Before Tax | (362) | (385) | (353) | (1,434) |
| (Loss) After Tax | (362) | (385) | (353) | (1,434) |
| Total Comprehensive (Loss) | (360) | (383) | (354) | (1,430) |

5 The figures of the quarter ended March 31, 2023 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto December 31, 2022, being the end of the third quarter of the financial year, which were subjected to limited review.

For and on behalf of the Board of Directors
Praveen Someshwar
Director
*(duly authorised by Board of Directors)*
(DIN: 01802656)

New Delhi
July 24, 2023

AB RUKNA NAHI.
NSE: PAISALO
BSE: PAISALO
AUM ₹36,444 mn YoY growth 34%
PAT ₹384 mn YoY growth 84%
NNPA 0.04%
1377 Touch Points
18 States
19L+ Lives Touched

PAISALO
EASY LOAN आसान लोन
PAISALO DIGITAL LIMITED
Regd. Off: CSC, Pocket 52, Near Police Station, CR Park, New Delhi-110019
Tel: +91 11 43518888 Fax: + 91 11 43518816 Web: www.paisalo.in
CIN: L65921DL1992PLC120483
अर्थः समाजस्य न्यासः

EXTRACT OF CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023

(₹ in Lacs except EPS)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| Total Revenue from operations | ₹13,618.38 | ₹11,798.51 | ₹11,264.20 | ₹47,318.99 |
| Net Profit for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | ₹5,204.11 | ₹3,238.91 | ₹2,872.97 | ₹1,3076.59 |
| Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | ₹5,204.11 | ₹2,786.04 | ₹2,872.97 | ₹12,623.72 |
| Net Profit for the period after tax | ₹3,840.82 | ₹2,066.06 | ₹2,087.22 | ₹9,361.86 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | ₹3,840.82 | ₹2,066.06 | ₹2,087.22 | ₹9,361.86 |
| Paid up Equity Share Capital (Face value of Re. 1/- per share) | ₹4,490.22 | ₹4,490.22 | ₹4,391.22 | ₹4,490.22 |
| Reserves excluding Revaluation Reserves (as per balance sheet of previous accounting Year) | – | – | – | 1,11,762.91 |
| Earnings per Share (of Re. 1 each) (not annualized) Basic & Diluted | ₹0.86 | ₹0.46 | ₹0.48 | ₹2.10 |

Notes:
1) The key standalone financial information of the Company is as under:

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) | 30.06.2022 (Unaudited) | 31.03.2023 (Audited) |
| Total Revenue from operations | ₹12,173.75 | ₹10,406.91 | ₹10,192.97 | ₹42,297.19 |
| Profit before tax | ₹5,140.69 | ₹2,624.19 | ₹2,844.45 | ₹12,383.02 |
| Profit after tax | ₹3,780.35 | ₹1,933.49 | ₹2,065.57 | ₹9,169.25 |

2) The above is an extract of the detailed Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results (Consolidated/Standalone) are available on the website i.e. www.paisalo.in and on the Stock Exchanges' websites i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com.
3) Figures for the quarter ended 31st March, 2023 are the balancing figures for the full financial year ended 31st March, 2023 and the published year to date figures upto the third quarter of the respective financial year.

SMALL INCOME GENERATION
ASSET BACKED
MSME & SME
BUSINESS CORESPONDENT
www.paisalo.in
FOLLOW US:

## दो महीने के भीतर ही चोरी हुए 2.82 लाख फोन का पता लगाया

# ‘साथी’ ने 21 हजार गुम मोबाइल वापस दिलवाए

**उत्साहजनक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार विभाग के ‘संचार साथी’ पोर्टल की मदद से अब तक 2.85 लाख खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन का पता लगाया गया है। इनमें से 21,001 मोबाइल फोन बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं, 6.8 लाख सिम को ब्लॉक कर दिया गया है। सरकारी अनुमान के मुताबिक देश में हर महीने 50,000 मोबाइल फोन चोरी होते हैं।

गौरतलब है कि बीती 16 मई को साथी पोर्टल की शुरुआत हुई थी। यह केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर का हिस्सा है। एक अधिकारी ने बताया कि बरामद होने वाले मोबाइल फोनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन जितने मोबाइल फोन की स्थिति का सटीक ढंग से पता लगाया जाता है, उसे देखते हुए बरामदगी कम है। बरामदगी करने का कार्य पुलिस ही कर सकती है। हम मामले को राज्यों के गृह विभागों के समक्ष उठा रहे हैं।



### पोर्टल पर ये सुविधाएं

1. मालिक यह जान सकता है कि उसके नाम पर धोखाधड़ी से और कनेक्शन लिए गए हैं या नहीं
2. मोबाइल की लोकेशन पता लगा सकते हैं। आईएमईआई नंबर को ब्लॉक कर सकते हैं।
3. ब्लॉक होने के बाद फोन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, भले ही नया सिम कार्ड हो।
4. पुराना मोबाइल खरीदते वक्त यह पता लगा सकते हैं कि वह चोरी का तो नहीं है।

### ऐसे कर सकते हैं प्रयोग

- खोए हुए मोबाइल को खोजने के लिए वेबसाइट (**https://www.sancharsaathi.gov.in**) पर जाएं।
- ब्लॉक चोरी/गुमशुदा मोबाइल विकल्प पर क्लिक करें।
- यहां मोबाइल और आईएमईआई नंबर, डिवाइस मॉडल, कंपनी का नाम, साथ ही बिल की कॉपी अपलोड करनी होगी।
- चोरी का स्थान और तारीख, पुलिस एफआईआर नंबर, और एफआईआर की कॉपी अपलोड करनी होगी।
- फिर व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करें, जिसमें सरकारी आईडी नंबर, नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर समेत पहचान पत्र अपलोड करना होगा।
- जानकारी देने के बाद पोर्टल आपके फोन को ट्रैकिंग पर डाल देगा। इसके बाद जैसे ही आपके फोन में कोई दूसरा सिम इस्तेमाल होगा, उसकी लोकेशन पहचान में आ जाएगी।

# सस्ते टमाटर की ऑनलाइन बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब आप घर बैठे ऑनलाइन सस्ते दाम पर टमाटर मंगवा सकते हैं। सरकार की कृषि विपणन कंपनी नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने सोमवार को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के माध्यम से 70 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया है।

एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्रा ने बताया कि हमने दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की बिक्री के लिए ओएनडीसी के साथ साझेदारी की है। सब्सिडी वाला टमाटर खरीदने के लिए उपभोक्ता रोजाना सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक ओएनडीसी के ऐप पर अपना ऑर्डर दे सकते हैं और इस ऑर्डर की डिलीवरी अगले दिन की जाएगी। ऑर्डर केवल 2 किलोग्राम प्रति ऑर्डर तक सीमित है। उन्होंने कहा, उपभोक्ता को बिना किसी अतिरिक्त लागत के घर पर डिलीवरी की जाएगी। चंद्रा ने कहा कि शुरुआत में टमाटर ओएनडीसी में सूचीबद्ध खरीदारों के ऐप जैसे पेटीएम, मैजिकपिन, मिस्टोर और पिनकोड के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।

- टमाटर की डिलीवरी अगले दिन होगी, केवल दो किलोग्राम प्रति ऑर्डर की सीमा रहेगी

उन्होंने बताया कि इस ऐप का इंटरफेस सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल है। उपभोक्ता इन ऐप्स पर जा सकते हैं और 70 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर ऑर्डर कर सकते हैं।

## मारुति ने गड़बड़ी वाली 87 हजार कारें वापस मंगवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी इंडिया ने स्टीयरिंग रॉड की समस्या दूर करने के लिए अपने एस-प्रेसो और ईको मॉडल की 87,599 इकाइयों को वापस मंगाने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि इन इकाइयों का उत्पादन पांच जुलाई, 2021 से 15 फरवरी, 2023 के दौरान हुआ था। इनके स्टीयरिंग टाई रॉड में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही थीं। मारुति ने कहा, ऐसा संदेह है कि इन वाहनों में इस्तेमाल किए गए स्टीयरिंग टाई रॉड के एक हिस्से में संभवतः गड़बड़ी है।

# एनपीएस का कैलकुलेटर पेंशन का हिसाब बताएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल पेंशन सिस्टम ट्रस्ट ने ने संशोधित वेबसाइट जारी की है, जिसपर नया कैलकुलेटर दिया गया है। इसकी मदद से योजना से जुड़े सदस्य सेवानिवृत्ति पर अपेक्षित पेंशन और एकमुश्त राशि की गणना आसानी से कर सकते हैं। साथ ही एनपीएस के रिटर्न और लाभों की जानकारी अच्छे से प्राप्त कर सकते हैं।

वेबसाइट पर जाकर सदस्य यह भी जान सकते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद के अच्छी पेंशन पाने के लिए अभी से ही कितना निवेश करना होगा। कैलकुलेटर में जन्मतिथि, महीने का कुल निवेश और कितना वर्ष तक निवेश करेंगे, इसका ब्योरा दर्ज करना होगा। इसमें 57 और 75 वर्ष तक निवेश के विकल्प दिए गए हैं। एनपीएस में 75 वर्ष की आयु तक बने रहने की छूट है।

60 साल की आयु में सेवानिवृत्ति के बाद एनपीएस से 60 फीसदी रकम ही एकमुश्त निकाली जा सकती है। यह कर मुक्त होती है। बाकी 40 फीसदी रकम को एन्युटी/पेंशन प्लान में निवेश करना होता है, जिससे पेंशन मिलती है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

**सेंसेक्स** 66384 -299.48

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| इंडसइंड | 1435.75 | 2.01 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 198.40 | 0.84 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| कोटक बैंक | 1896.15 | -3.80 |
| एयू बैंक | 739.45 | -3.35 |

**निफ्टी** 19672 -72.65

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| इंडसइंड | 1435.00 | 1.96 |
| एसबीआई ला. | 1316.55 | 1.96 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद | बदलाव% |
|---|---|---|
| आईटीसी | 469.35 | -4.30 |
| कोटक बैंक | 1893.85 | -3.88 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 60,350 | -100 |
| चांदी | 77,000 | -200 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
81.81 +0.17

## नट, बोल्ट गुणवत्ता नियमों के दायरे में आएंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने नट, बोल्ट और 'फास्टनर' के लिए गुणवत्ता मानदंड पेश किए हैं। इस पहल का मकसद खराब गुणवत्ता वाले उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाना और घरेलू स्तर पर इनके विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इन वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री/व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उनपर मानक ब्यूरो का निशान न हो।

## बीवाईडी को ईवी संयंत्र लगाने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता बीवाईडी और उसकी भारतीय भागीदार मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एक अरब डॉलर (लगभग 8,200 करोड़ रुपये) के निवेश से ईवी संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इन दोनों कंपनियों के एक संयुक्त उद्यम ने सरकार को तेलंगाना में इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया था।

# अब तक एक लाख लोगों को टैक्स नोटिस भेजे गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर दिवस के मौके पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा करीब एक लाख लोगों को टैक्स के नोटिस भेजे गए हैं। इन लोगों के रिटर्न में गड़बड़ी रही है और ये नोटिस बिना किसी मतलब के नहीं भेजे गए हैं। पिछले साल और इस साल के आकंड़ों को देखा जाए तो विभाग से करदाताओं की संतुष्टि बढ़ी है।

वित्तमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले दिनों में टैक्स विभाग की तरफ से भेजे जाने वाले नोटिसों के मामले पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से तेजी के साथ काम किया जाएगा।

वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि नई टैक्स रिजीम को और आकर्षक बनाने के लिए 7.27 लाख तक कोई टैक्स नहीं रखा गया है और पुराने मामलों को खोलने पर भी सरकार का रवैया करदाता के हक में रहा है।

- आयकर दिवस पर वित्तमंत्री ने कहा, तकनीक ने करदाता का जीवन आसान बनाया

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक रिटर्न दाखिल किए गए हैं। विभाग ने अब तक 80 लाख रिफंड जारी कर दिए हैं।

## औद्योगिक लाइसेंस तीन की जगह 15 साल तक मान्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को कहा कि आईडीआर अधिनियम के तहत जारी किए गए सभी औद्योगिक लाइसेंस तीन साल के बजाय 15 वर्ष के लिए वैध होंगे। लाइसेंस जारी करने के प्रावधान उद्योग विकास एवं नियमन अधिनियम के तहत किए गए हैं।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग ने कहा कि पहले जारी सभी प्रेस नोट को निरस्त करते हुए औद्योगिक लाइसेंस की वैधता को तीन साल से बढ़ाकर 15 साल किया जा रहा है। विभाग ने कहा कि संबंधित मंत्रालय निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप तीन साल के लिए लाइसेंस अवधि बढ़ा सकता है।

# ईवी दोपहिया कंपनियां 469 करोड़ लौटाएं

**फेम-2 योजना**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने फेम-2 योजना के तहत नियमों का अनुपालन न करने के बावजूद प्रोत्साहन राशि का दावा करने पर ईवी दोपहिया निर्माताओं को 469 करोड़ रुपये लौटाने को कहा है। इनमें सात ईवी दोपहिया विनिर्माता शामिल है।

एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यह राशि न लौटाने की स्थिति में इन सभी कंपनियों को फेम-2 योजना से सात-दस दिन में हटा दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें इस प्रोत्साहन योजना में हिस्सा लेने की भी मंजूरी नहीं दी जाएगी। सरकार को घरेलू स्तर पर निर्मित उपकरणों के बजाय आयातित उपकरण अपने ईवी उत्पादों में लगाने की शिकायत मिली थी।

### दोषी पाई गई कंपनियां

हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, एम्पीयर ईवी, रिवोल्ट मोटर्स, बेनलिंग इंडिया, एमो मोबिलिटी और लोहिया ऑटो

अधिकारी ने कहा, हमारी जांच में छह कंपनियां आरोपमुक्त हो गईं लेकिन सात कंपनियां मानकों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं।

## सहारा के रिफंड पोर्टल पर सात लाख पंजीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहारा समूह की चार सहकारी समितियों में जमा अपनी राशि को वापस पाने के लिए अबतक सात लाख निवेशकों ने इस बारे में शुरू किए गए पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अबतक कुल 150 करोड़ रुपये की राशि के दावे प्राप्त हुए हैं। सहारा समूह की चार सहकारी समितियों में जमा निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए इस पोर्टल को कुछ दिन पहले ही शुरू किया गया है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 18 जुलाई को 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' की शुरुआत की थी।


**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: **www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**ए) फ्रेस-टेण्डर कार्य:-**

| क्र. सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 09/उ०म०प्र०/व०प्र० (व०स०–6)/ 2023–24 | सैक्टर–122 का विकास कार्य (सैक्टर–122 के 5 प्रतिशत आबादी भाग में कट बन्द करने का कार्य) नौएडा | 68.16 |
| 2 | 14/उ०म०प्र०/व०प्र० (व०स०–10)/ई०नि० /2023–24 | एक्सप्रेस–वे का विकास एवं अनुरक्षण (नौएडा–ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस–वे के चैनेज 10.300 कि०मी० पर निर्मित एडवान्ट अण्डरपास की बैरल–01, बैरल–02 एवं रिटेनिंग वॉल पर थीम पेन्टिंग का कार्य), नौएडा। | 32.63 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **07.08.2023 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **08.08.2023** को **11.00 बजे** खोली जाएगी।

**बी) रि-टेण्डर कार्य:-**

| क्र. सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 3 | 02/उ०म०प्र०/व०प्र० (व०स०–6)/ 2023–24 | सैक्टर–118 का विकास कार्य (सैक्टर–118 के समाजवादी कम्पाउन्ड की अवशेष चारदीवारी व क्वाईल फेन्सिग का कार्य) नौएडा | 60.45 |
| 4 | 06/उ०म०प्र०/व०प्र० (व०स०–6)/ 2023–24 | सैक्टर–71, 72, 51, 52 के अण्डरपास का विकास (सैक्टर–71, 72, 51, 52 के अण्डरपास की थीम पेन्टिंग का कार्य) नौएडा | 30.56 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **31.07.2023 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **01.08.2023** को **11.00 बजे** खोली जाएगी।

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
**नौएडा**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**


## अपना देश

# ‘ओपेनहाइमर’ से विवादित सीन हटेगा

**सख्ती**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओपेनहाइमर फिल्म रिलीज होने के बाद से लगातार सवालों के घेरे में है। आलोचकों से लेकर समीक्षकों तक ने फिल्म में भगवद् गीता की प्रति दिखाए जाने वाले अंतरंग दृश्य पर निराशा व्यक्त की है। अब सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विवादित सीन पर कड़ा रुख अपनाया है।

मंत्री ने आपत्तिजनक दृश्य पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) जवाब मांगा है। मंत्री ने फिल्म निर्माताओं को फिल्म से विवादास्पद दृश्य तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार उन्होंने चेतावनी दी है कि फिल्म की स्क्रीनिंग को मंजूरी देने में शामिल सभी सीबीएफसी सदस्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुराग ठाकुर ने जनता के हितों की रक्षा करने में सीबीएफसी की विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इस तरह की लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बोर्ड के सदस्यों को उनके कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। केंद्र सरकार के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने भी इस दृश्य पर फिल्म निर्माताओं पर निशाना साधा था। रविवार को एएनआई से बात करते हुए महुरकर ने कहा कि यह दृश्य भगवद् गीता का अपमान है। नोलन इसको फिल्म से नहीं हटाते हैं, तो हम कार्रवाई करेंगे।



### विवाह में गाने बजाना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन नहीं

सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि शादियों में गाने बजाना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन नहीं है। साथ ही कहा कि कोई भी ऐसी गतिविधियों के लिए रॉयल्टी नहीं ले सकता है। एक सार्वजनिक नोटिस में डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड ने कहा कि उसे कॉपीराइट सोसायटी द्वारा रॉयल्टी के कथित संग्रह के बारे में आम जनता और अन्य हितधारकों से कई शिकायतें मिली हैं। अधिनियम की धारा 52 कुछ ऐसे कृत्यों से संबंधित है, जो कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं होगा।

## स्पाइसजेट ने नवजात संग दंपति को उड़ान से रोका

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के एक दंपति ने स्पाइसजेट एयरलाइंस पर आरोप लगाया कि विमानन कंपनी ने उन्हें तीन दिन के नवजात बच्चे के साथ उड़ान में चढ़ने से रोक दिया। दंपति ने कहा कि उन्होंने एयरलाइंस को अपने गोदी में जाने वाले शिशु के लिए निर्धारित शुल्क भी अदा किया था।

अनिल कुमार झा और उनकी पत्नी को सोमवार दोपहर 1:50 पर दरभंगा से नई दिल्ली जाने वाले विमान में यात्रा करनी थी। चेक-इन काउंटर पर पहुंचने पर एयरलाइंस कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि नवजात शिशु उनके साथ ‘गोदी यात्री’ के रूप में उड़ान नहीं भर सकता क्योंकि वह केवल तीन दिन का था।

दंपति ने दावा किया कि उन्होंने टिकट बुक करते समय शिशु की उम्र की जानकारी दी थी। दंपति एक गंभीर रूप से बीमार रिश्तेदार से मिलने के लिए दिल्ली जा रहे थे। शिशु के लिए मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र लेने के लिए एक स्थानीय डॉक्टर का रुख किया लेकिन स्टाफ ने प्रमाणपत्र स्वीकार करने से मना कर दिया।

# पश्चिम बंगाल हिंसा की जांच एनआईए ही करेगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी करेगी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिंसा की जांच एनआईए को सौंपे जाने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश में दखल से इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दाखिल विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। बंगाल सरकार ने हिंसा की जांच को एनआईए को स्थानांतरित किए जाने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि हिंसा में विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था।

### अभिषेक बनर्जी मामले में ईडी से जवाब मांगा

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ईडी से यह बताने के लिए कहा कि धन शोधन मामले में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा बनर्जी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया या नहीं। विदेश यात्रा को लेकर दंपती ने अर्जी दाखिल की थी।

# आरोपी की लोकेशन साझा करने पर विचार होगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** उच्चतम न्यायालय विचार करेगा कि जमानत देते समय आरोपी को मोबाइल फोन से गूगल पिन लोकेशन जांच अधिकारी के साथ साझा करने की शर्त की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि संवधिन के अनुच्छेद 21 के तहत मिले अधिकारों के मद्देनजर इसका परीक्षण किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा धन शोधन के मामले में आरोपी को जमानत दिए जाने के फैसले के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की अपील पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

करोड़ों रुपये के धन शोधन के मामले में उच्च न्यायालय ने शक्ति भोग फूड्स लिमिटेड के आंतरिक लेखा परीक्षक को जमानत दे दी थी। साथ ही आरोपी को अपने फोन से अपना गूगल पिन लोकेशन जांच अधिकारी के साथ साझा करने की शर्त लगा दी थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और संजय करोल की पीठ ने कहा, आरोपी को जांच अधिकारी के साथ अपनी गूगल लोकेशन साझा करने की शर्त लगाना, एक तरह से उसकी निगरानी करने के समान है। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है, जहां आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी।


**DIGICONTENT LIMITED**

CIN: L74999DL2017PLC322147
Registered Office: Hindustan Times House, 2nd Floor, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001, India
Tel: +91 11 6656 1234; Fax: +91 11 6656 1270; Email: investor@digicontent.co.in; Website: www.digicontent.co.in

**Extract of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2023** (INR in Lakhs except earnings per share data)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 Un-audited | 31.03.2023 Audited (Refer note 5) | 30.06.2022 Un-audited | 31.03.2023 Audited |
| Revenue from Operations | 9,017 | 9,137 | 7,923 | 34,927 |
| Profit/(Loss) for the period (before tax and exceptional) | 260 | (154) | (739) | (1,237) |
| Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional) | 260 | (154) | (739) | (1,237) |
| Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional) | 102 | (212) | (644) | (1,285) |
| Total Comprehensive Income/(Loss) for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income/(Loss) (after tax)] | 136 | (205) | (692) | (1,152) |
| Paid-up Equity Share Capital (Face Value - INR 2/- per share) | 1,164 | 1,164 | 1,164 | 1,164 |
| Other Equity excluding Revaluation Reserves as per the balance sheet | | | | (1,757) |
| Earnings/(Loss) per share (of INR 2/- each) Basic & Diluted | (Not Annualised) 0.18 | (Not Annualised) (0.36) | (Not Annualised) (1.11) | (2.21) |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website “www.digicontent.co.in”.

2 The above un-audited consolidated financial results for the quarter ended June 30, 2023 were reviewed and recommended by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors at their respective meetings held on July 24, 2023. The Statutory Auditors of the Company have conducted “Limited Review” of these results in terms of Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended from time to time and have issued an unmodified review opinion.

3 The consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (‘Ind AS’) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time.

4 Additional Information on Standalone financial results is as follows:- (INR in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30.06.2023 Un-audited | 31.03.2023 Audited (Refer note 5) | 30.06.2022 Un-audited | 31.03.2023 Audited |
| Revenue from Operations | 36 | 37 | 39 | 158 |
| (Loss) Before Tax | (362) | (385) | (353) | (1,434) |
| (Loss) After Tax | (362) | (385) | (353) | (1,434) |
| Total Comprehensive (Loss) | (360) | (383) | (354) | (1,430) |

5 The figures of the quarter ended March 31, 2023 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto December 31, 2022, being the end of the third quarter of the financial year, which were subjected to limited review.

**For and on behalf of the Board of Directors**

**Praveen Someshwar**
**Director**
***(duly authorised by Board of Directors)***
**(DIN: 01802656)**

**New Delhi**
**July 24, 2023**


# राखी सावंत की कार और कैश ले उड़ा ड्राइवर

**उत्तर प्रदेश**

**देवरिया/मुंबई, वरिष्ठ संवाददाता।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह देवरिया के रहने वाले ड्राइवर के कार-कैश और सामान लेकर चंपत होने का आरोप लगाते दिख रही हैं।

वहीं दूसरे वीडियो में आरोपी को ढूंढ निकालने के लिए यूपी के सीएम और उनकी पुलिस के कसीदे पढ़ रही हैं। हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। जबकि देवरिया के एसपी का कहना है कि उन तक कोई शिकायत नहीं आई है। पहले वीडियो में बिंदु दारा सिंह के साथ राखी सांवत मीडियाकर्मियों से बातचीत करती दिख रही हैं। वह कह रही है कि यूपी की जो पुलिस है और गोरखपुर के अपने जो रविकिशन जी हैं, पूरा ढूंढ कर निकालेंगे। योगी जी को भी मैंने बोला है कि प्लीज ये जो पप्पू यादव है... उसे ढूंढ़ कर मेरा सामान दिला दीजिए। बीच में बिन्दु दारा सिंह थोड़ी सी मसखरी करते दिख रहे हैं।



- देवरिया पुलिस ने घटना से किया इनकार

राखी फिर कह रही हैं कि भाई मुझे बहुत दुख हो रहा है कि मेरा ड्राइवर पप्पू यादव, जो यूपी से एक जगह से है सब कुछ चोरी करके चला गया। फिर कहती हैं कि देवरिया... कहां पर है... देवरिया का है पप्पू यादव, वह बीएमडब्लू की चाबी, मर्सिडीज कार, गोल्ड का फोन और सारे पैसे लेकर फरार हो गया। कल सुबह उसकी बीवी से बात हुई तो कहा कि हमारे साथ उसने बुरा किया, तीन बच्चे दे दिए। दूसरी को तीन बच्चे दे दिया, अब तीसरी को लेकर आया है। वायरल दूसरे वीडियो में वह कहते दिख रही हैं कि यूपी पुलिस ने ड्राइवर को ढूंढ़ निकाला। मेरा सामान मिल गया। इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।